परियोजनाओं को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा करें

बड़े प्रोजेक्ट तैयार कर शहर का विकास करें, अपर मुख्य सचिव ने की चित्रकूट विकास और नगर निगम की समीक्षा

नवभारत न्यूज

सतना 07 फरवरी. अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री संजय दुबे ने शनिवार को सतना कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक लेकर चित्रकूट विकास परियोजना और नगर निगम सतना के प्रगतिरत विकास कार्यों एवं परियोजनाओं की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि शहर के विकास के लिए 5 सौ करोड़ रूपये का फण्ड अपने स्त्रोत या बाण्ड के जरिए एकत्र कर यूसीएफके तहत नगर निगम को विकास के बड़े प्रोजेक्ट हाथ में लेने चाहिए। उन्होंने कहा कि चित्रकूट विकास की सभी परियोजनायें और नगर निगम द्वारा संचालित विकास परियोजनाओं के कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरे किये जायेंगे। अपर मुख्य सचिव ने चित्रकूट विकास के चल रहे कार्यो की समीक्षा में कहा कि मंदाकिनी के घाटों में बनाये जाने वाले आध्यात्मिक अनुभव स्वदेश दर्शन योजना के कार्यो के साथ मल्टी फेसिलिटी सेन्टर और पार्किंग के प्रावधान भी किये जाये। उन्होंने कहा कि चित्रकूट के आध्यात्मिक वैभव की जानकारी यहां आने वाले श्रद्धालुओं को मिल सके ऐसी जानकारियों को भी शामिल करें। सतना नगर निगम के कार्यो की समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 1.0 में 4210 आवासों में से 4075 आवास पूरे कर लिये गये है। ईडब्ल्यूएस आवासों में स्वीकृत 2446 आवास पूर्ण कर 2224 आवास अधिपत्य में दिये गये है। नगर पंचायत रामपुर बघेलान में 216 पूर्ण आवासों में 116 आवासों का अधिपत्य शेष है। अमृत योजना 1.0 में 42 एमएलडी क्षमता के एसटीपी में 44880 कनेक्शन के विरूद्ध 15407 कनेक्शन ही किये जाने की वजह जानी। बचे हुए कनेक्शन मार्च 2026 में पूरे कर लेने की बात अधिकारियों द्वारा कही गई।

बताया गया कि अमृत 2.0 योजना में सीवरेज स्कीम के 4 प्रोजेक्ट है। जिनका कार्य दीपावली के पहले पूर्ण कर लिया जायेगा। अपर मुख्य सचिव ने सीवरेज स्कीम के कार्य पर संतोष व्यक्त किया। अपर मुख्य सचिव ने गीता भवन प्रोजेक्ट और स्मार्ट सिटी के तहत चल रहे शेष 3 प्रोजेक्ट की समीक्षा की। उन्होंने मल्टी स्पोर्टस काम्पलेक्स के मेन्टीनेंस और उपयोगी बनाये रखने स्पोर्ट्स क्लब बनाने और विभिन्न खेल एकडमी को भी शामिल करने का सुझाव दिया। उन्होंने स्मार्ट सिटी के तहत चल रहे अमृत परियोजना उपरांत शेष क्षेत्रों में पाइप लाइन एवं टंकी का निर्माण और उमरी, खेरमाई एवं गहरा नाला का लाइनिंग एवं पुर्नविकास कार्य की समीक्षा की।

ननि को 50 करोड़ टैक्स वसूली का लक्ष्य

नगर निगम के राजस्व वसूली में प्रापर्टी टैक्स, किराया, ट्रेड एवं विविध करो की 85613 सम्पत्तियों में मांग 192 करोड के विरूद्ध 25 करोड की वसूली पर अपर मुख्य सचिव ने कहा कि नगर निगम द्वारा सुविधायें दी जा रही है तो उनका टैक्स भी वसूलना चाहिए। इनमें 17.63 करोड प्रापर्टी टैक्स, 3.73 करोड जलकर, 2.75 करोड किराया शामिल है। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि राजस्व की वसूली बढाते हुए मांग 192 करोड के विरूद्ध कम से कम 50 करोड रूपये के राजस्व की वसूली करें।

इनकी रही उपस्थिति

इस मौके कमिश्नर रीवा श्री बी.एस. जामोद, कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस, एमपीयूडीसी के अतिरिक्त प्रबंध संचालक दिव्यांक सिंह, नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना, सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, उपायुक्त सत्यम मिश्रा सहित एमपीयूडीआईसी एवं नगर निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

रखरखाव घोटाले के 7 प्राचार्यों को कमिश्नर रीवा ने निलंबित किया

कलेक्टर के प्रतिवेदन पर हुई कार्रवाई

नवभारत न्यूज

सतना/मैहर 07 फरवरी. मैहर जिले के रामनगर विकासखण्ड में लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा दिये गये आवंटन के दुरूपयोग और राशि के गबन संबंधी प्रकरण ध्यान में आने पर मैहर कलेक्टर रानी बाटड ने जांच समिति का प्रतिवेदन प्राप्त होने के पश्चात निष्कर्षो के अनुरूप सख्त कार्यवाही अमल में लाई है।

जांच प्रतिवेदन के आधार पर कमिश्नर रीवा संभाग श्री बीएस जामोद ने 7 स्कूलों के प्राचार्यो को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए इनका मुख्यालय कलेक्टर कार्यालय मैहर नियत किया गया है। निलंबन के दौरान अपचारी प्राचार्यो को जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। कमिश्नर रीवा संभाग द्वारा जारी आदेशानुसार निलंबित प्राचार्यो में शासकीय हाईस्कूल गोविन्दपुर के प्राचार्य मथुरा प्रसाद वर्मा, शास.उ.मा.वि. हर्रई के प्रभारी प्राचार्य सियम्बर सिंह, शास.उ.मा.वि. देवदहा के प्रभारी प्राचार्य लक्ष्मण प्रसाद शुक्ला, शास.उ.मा.वि. कंदवारी के प्राचार्य श्रवण सिंह, शास.उ.मा.वि. देवराजनगर के प्रभारी प्राचार्य रामलखन रावत, शास.उ.मा.वि. गोरसरी के प्राचार्य गुलजार सिंह टेकाम तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुलवार गुजारा के प्रभारी प्राचार्य शिवलाल बैस को मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम के विपरीत गंभीर कदाचरण पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। शासकीय हाईस्कूल गोविन्दपुर के प्राचार्य मथुरा प्रसाद वर्मा को विद्यालय के लिए भवन मरम्मत, लघु निर्माण, पार्किंग शेड एवं साइकिल स्टैण्ड निर्माण के लिए संचालनालय द्वारा प्राप्त आवंटन से 23 लाख 39 हजार 615 रूपये करने का आहरण नियम विरूद्ध तरीके से करने, शास.उ.मा.वि. हर्रई के प्रभारी प्राचार्य सियम्बर सिंह को 22 लाख 29 हजार 506 रूपये, शास.उ.मा.वि. देवदहा के प्रभारी प्राचार्य लक्ष्मण प्रसाद शुक्ला को 24 लाख 94 हजार 941 रूपये, शास.उ.मा.वि. कंदवारी के प्राचार्य श्रवण सिंह को 23 लाख 59 हजार 991 रूपये, शास.उ.मा.वि. देवराजनगर के प्रभारी प्राचार्य रामलखन रावत को 24 लाख 10 हजार 376 रूपये, शास.उ.मा.वि. गोरसरी के प्राचार्य गुलजार सिंह टेकाम को 24 लाख 95 हजार और

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुलवार गुजारा के प्रभारी प्राचार्य शिवलाल बैस को 23 लाख 99 हजार 506 रूपये की राशि का आहरण कर बिना कार्य कराये फर्म को भुगतान किये जाने पर यह कार्यवाही की गई है। संबंधित को मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम के विपरीत गंभीर कदाचरण पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

भरहुत में बोरी में बंद मिला नवजात

सहारा देने के लिए उठे कई हाथ, एसएनसीयू में उपचार के बाद सुधरी हालत

नवभारत न्यूज

सतना 7 जनवरी. जिले के उचेहरा क्षेत्र में शनिवार की सुबह उस वक्त मानवता को झकझोर देने वाली घटना सामने आई जब भरहुत पुरातत्व स्थल के निकट निर्जन क्षेत्र में बोरे के अंदर एक नवजात बिलखता पाया गया.

यह तो गनीमत रही समय रहते स्थानीय रहवासियों की नजर उस पड़ गई और आनन-फानन में उपचार शुरु होने पर उसका उपचार शुरु हो गया. इसके साथ ही घटना का दूसरा पहलू यह भी देखने को मिला कि मानवता का धर्म निभाने में पुलिस व मेडिकल स्टाफ सहित स्थानीय रहवासियों ने कोई कसर नहीं रख छोड़ी. जिले के उचेहरा क्षेत्र में विश्वविख्यात पुरातत्व स्थल भरहुत मौजूद है. जहां पर चंद्रगुप्तकालीन कई अवशेष रखे हुए हैं. लेकिन इसी स्थल की चहरदिवारी के अंदर शनिवार की सुबह किसी बच्चे के रोने की आवाज सुनाई देने लगी. सुबह सवेरे शौच क्रिया के लिए उस ओर गए कुछ रहवासियों ने जब ध्यान दिया तो बच्चे के रोने की आवाज एक बोरे के अंदर से आ रही थी. ग्रामीणों ने फौरन ही सरपंच माया देवी को घटना की सूचना दी. सरपंच की सूचना पर उचेहरा थाने के सउनि संतोष सिंह, आ. कौशल गुर्जर व आ. शिवानी मेहरा मौके पर पहुंच गए. नवजात का शरीर काफी ठंडा महसूस हो रहा था. लिहाजा आनन-फानन में उसे उपचार के लिए उचेहरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया. जहां पर बीएमओ डॉ. ए के राय, चिकित्सक डॉ विनीत गुप्ता, डॉ. अनामिका राय, डॉ. श्रुति अग्रवाल और स्टॉफ नर्स अनीता तोमर ने बिना समय गंवाए उपचार शुरु कर दिया गया. नवजात के शरीर की सफाई करने के साथ ही लटक रहे नाड़े को काटा गया. चिकित्सकों के अनुसार नवजात ने लगभग 2 घंटे पहले ही जन्म लिया. लेकिन यदि उसे अस्पताल लाने में थोड़ी और देर हो जाती तो उसे बचाना मुश्किल हो जाता. नवजात की हालत में सुधार होने पर उसे आगे के उपचार के लिए जिला चिकित्सालय की गहन शिशु चिकित्सा इकाई के लिए रेफर कर दिया गया. जहां पर उपचार के बाद लगभग साढ़े 3 किलो वजनी नवजात को स्वास्थ्य बताया जाने लगा. वहीं इस मामले में जानकारी देते हुए उचेहरा थाना प्रभारी सतीश मिश्र ने बताया कि जांच की जा रही है. संभावना है कि सामाजिक दबाव अथवा पारिवारिक कारणों के चलते बच्चे को जन्म देने के बाद लावारिस हालत में छोड़ दिया गया होगा. पुलिस द्वारा आसपास के

मानवता की हुई जीत

एक ओर जहां लावारिस हालत में नवजात को मरने के लिए छोड़ देने जैसी मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई. लेकिन वहीं दूसरी ओर नवजात को बचाने और उसकी देखभाल करने के लिए उठे कई हाथों से मानवता की जीत होती भी दिखाई दी. डायल 112 के पुलिसकर्मियों समेत अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा नवजात को सुरक्षित रखने के प्रयास की लोगों ने खासी सराहना की. इसी कड़ी में जब नवजात को अस्पताल ले जाया गया तो वहां मौजूद कुछ महिलाओं ने अपने मातृत्व धर्म का पालन करते हुए नवजात को दूध पिलाया. वहीं गांव की सरपंच माया देवी ने नवजात की पूरी देखभाल की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली. सरपंच का कहना है कि जब तक प्रशासन द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया जाता तब जक वे नवजात को अकेला नहीं छोड़ेंगी.

शहर में दो साड़ों की लड़ाई से मची अफरा-तफरी

नवभारत न्यूज

सतना 7 फरवरी. शहर के बिहारी चौक जैसे व्यावसायिक क्षेत्र में देर शाम उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब दो सांड़ आपस में भिड़ गए.

साड़ों की लड़ाई के चलते एक ओर जहां सड़क किनारे खड़े कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए वहीं दूसरी ओर दुकानदारों ने शटर गिराकर वहां से भागने में ही भलाई समझी. हलांकि इस घटना की वजह से कोई चोटिल नहीं हुआ लेकिन ननि की बेपरवाह रवैऐ को लेकर लोग आक्रोशित जरुर दिखाई दिए. शहर के बिहारी चौक क्षेत्र में देर शाम अचानक दो सांड आमने-सामने आ गए. पहले तो दोनों के बीच कुछ देर तक फुफ्कार होती रही जो कि देखते ही देखत सीधी लड़ाई में तब्दील हो गई. दोनों सांड़ कुछ इस कदर गुत्थमुगुत्था होकर एक दूसरे और दौड़ाते और गिराते रहे कि आस पास मौजूद लोगों के बीच दहशत फैल गई. दोनों साड़ों की लड़ाई की चपेट में सड़क किनारे खड़े दो पहिया वाहन आ गए. जिसके चलते किसी वाहन की हेडलाइट फूट गई तो किसी का इंडीकेटर पर साइड मिरर. इस दौरान उक्त मार्ग पर यातायाता पूरी तरह से रुक गया. हलांकि कुछ लोगों ने हिम्मत जुटाते हुए लाठी के जरिए साड़ों को अलग करने का प्रयास किया. लेकिन उसका कोई असर नहीं हुआ. वहीं सांड़ को हमलवार होता देख लोगों ने दूरी बनाए रखने में ही गनीमत समझी. दोनों साड़ों के बहच यह लड़ाई लगभग आधे घंटे तक जारी रही. जिसके बाद एक सांड़ के पीछे हटने के बाद वह बंद हो गई. जिसे देखते हुए लोगों ने राहत की सांस ली. लेकिन घटना से आक्रोशित स्थानीय रहवासियों ने ननि के हांका दल की निष्क्रियता को लेकर जमकर खरी खोटी सुनाई. यह बात और है कि उक्त घटना के बावजूद भी शहर की सड़कों पर आवारा भटकने वाले मवेशियों की संख्या में कोई कमी देखने को नहीं मिली.

मीटर रीडर को बनाया बंधुआ मजदूर : डॉ. अमित

सतना, 7 फरवरी. प्रदेश में बिजली कंपनियों द्वारा मीटर रीडर्स के साथ किए जा रहे अमानवीय व्यवहार पर आल डिपार्टमेंट आऊट सोर्स अस्थाई कर्मचारी संयुक्त मोर्चा मध्य प्रदेश के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ अमित सिंह ने सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि जिस तरह का शोषण प्रदेशभर में चल रहा है, वह स्पष्ट संकेत देता है कि सरकार की मौन स्वीकृति इस पूरे खेल के पीछे है। डॉ सिंह ने कहा कि यदि सरकार वाकई संवेदनशील होती तो मीटर रीडर्स को हटाने-रखने का दलाली तंत्र पूरे प्रदेश इतनी बेशर्मी से नहीं चलता। यह सिर्फ भ्रष्टाचार नहीं बल्कि सत्ता संरक्षण प्राप्त भ्रष्टाचार है.

पुलिस का दावा पूर्व दस्यु व दुर्दांत अपराधी गिरफ्तार

परिजनों का आरोप बेटे को बार- बार डकैत बनाने पर तुली पुलिस

नवभारत न्यूज

सतना 7 फरवरी. एक ओर जहां जिले की मझगवां थाना पुलिस द्वारा पूर्व दस्यु व दुर्दांत अपराधी को देशी कट्टा और कारतूस के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया गया. वहीं दूसरी ओर परिजनों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस उनके बेटे को गिरफ्तार कर बार बार डकैत बनाने पर तुली हुई है. दस मामले के सामने आने से एक बार फिर से एडी एक्ट के दुरुपयोग किए जाने को लेकर नई बहस छिड़ गई है.

मझगवां थाना प्रभारी आदित्य नाराया धुर्वे से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को इस बात की सूचना मिली थी कि दुर्दांत अपराधी प्रमोद उर्फ नीलेश पिता सौखीलाल निवासी चंदई, बुंदेलापुर मोड़ के निकट कट्टा कारतूस लेकर घूम रहा है. जिसे गंभीरता से लेते हुए मझगवां और जैतवारा थाने पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया. जांच किए जाने पर आरोपी के पास से 12 बोर का लोडेड देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस मिला. जिसे देखते हुए आरोपी के विरुद्ध 25/27 आर्म्स एक्ट और 11/13 मप्र डकैत एवं ब्यपहरण प्रभावित क्षेत्र अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई. पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध जैतवारा थाने में बीएनएस की 4 धाराओं में प्रकरण दर्ज हैं. जिसमें वह फरार चल रहा था. प्रकरण दर्ज कर आरोपी को सलाखों के पीछे भेजे जाने की जानकारी सामने आते ही आरोपी के परिजनों द्वारा पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाने शुरु कर दिए.

जेल से छूटते ही फंसा दिया

बेटे की गिरफ्तारी और उसके विरुद्ध एडी एक्ट लगाए जाने की जानकारी सामने आते ही परिजन व्यथित हो गए. आरोपी प्रमोद के माता पिता का कहना है कि कुछ दिन पहले ही जैतवारा थाने में हुई शिकायत के आधार पर उनकी स्कार्पियो गाड़ी को पुलिस ने जब्त कर लिया था. वहीं जब बेटा सजा काटकर बाहर आया तो पुलिस ने फिर से एडी एक्ट लगाकर उसे सलाखों के पीछे भेज दिया. कुछ स्थानीय राजनैतिक दबाव के चलते पुलिस उनके बेटे को बार बार डकैत बनाने पर तुली हुई है. इसी कड़ी में परिजनों ने सवाल उठाया कि सजा काट चुके व्यक्ति को जीवन भर अपराधी बनाकर रखना, क्या यही पुलिस का कानून है. परिजनों द्वारा इस मामले में निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है.

सीएसपी ने जिले के समस्त बारात घर-होटल एवं डीजे संचालकों की ली बैठक

नवभारत न्यूज

सतना, 7 फरवरी. सीएसपी ने सतना के समस्त शादी बारात घर, होटल एवं डीजे संचालको की बैठक लेकर शादी व्याह और बोर्ड परीक्षाओं के चलते सुप्रीम कोर्ट के नियम का पालन करते हुए रात्रि 10 बजे के बाद डीजे ना बजाने के निर्देश दिए।

सीएसपी ने निर्देश का नाम होने पर कोलाहल अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए गए। इस दौरान सतना सीएसपी देवेंद्र सिंह चौहान, सिविल लाइन टी आई योगेंद्र सिंह परिहार, कोलगवां थाना एस आई ए.पी. तिवारी, जिला बारात घर एन्ड टेंट डेकोरेटर्स ऐशो. के महामंत्री विनोद तिवारी, कनिष्ठ मंत्री अमित अग्रवाल, उपाध्यक्ष दिनेश जयसवाल गुड्डा, उपाध्यक्ष सतीश गुप्ता, प्रशासनिक महामंत्री एवं मीडिया प्रभारी आशीष कश्यप, कोषाध्यक्ष मो. वसीम, राजा बड़गैया रुद्रराज द्विवेदी, धीरज कापड़ी, राजन पटनहा, डीजे संघ अध्यक्ष भोला गुप्ता, उपाध्यक्ष राकेश पराग आदि और काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

बैठक में सतना सीएसपी ने जिले के सभी बारात घर, होटल, पैलेश के संचालको को कहा की शादी व्याह के समय अपराधी, चोर, या किसी अनजान शक्श को परिसर में अगर देखा जाय तो सर्वप्रथम पुलिस को सूचना दें, और साथ ही सीसीटीवी पार्किंग को दुरस्त रखें और असमाजिक तत्व के लोगों के ऊपर आप लोगों को स?ती बरतने की आवश्यकता है।

यूजीसी के समर्थन में 9 को पदयात्रा कर सौंपेंगे ज्ञापन

नवभारत न्यूज

सतना, 7 फरवरी. भारत सरकार ने 13 जनवरी 2026 को उच्च शिक्षण संस्थानों की शिक्षा पद्धति में जातिगत भेद-भाव को रोकने के उद्देश्य से यूजीसी प्रमोशन ऑफ़ इक्विटी रेग्युलेशंस 2026 को लागू किया।

उक्त बातें आयोजित पत्रकार वार्ता में महासचिव ओबीसी महासभा ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू ने कहा । सामाजिक समरसता को प्रभावित करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की. कुर्मी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष डॉ.दुर्योधन सिंह ने जानकारी देते हुए कहा यूजीसी इक्विटी रेग्युलेशन के समर्थन में हम बहुसंख्यक समाज के हजारों वैचारिक जन 09 फरवरी सोमवार को दोपहर 12 बजे सेमरिया चौक (अम्बेडकर चौक) में एकत्र होंगे। डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की प्रतिमा में माल्यार्पण करने के पश्चात् जनसमूह नगर में शान्ति पूर्ण तरीके से पदभ्रमण करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेगा। जहां पर महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर सतना को ज्ञापन सौंपेगा। ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू महासचिव ओबीसी महासभा, कमलेन्द सिंह ओबीसी कोर कमेटी सदस्य ओबीसी महासभा, गौरी कुशवाहा जिलाध्यक्ष कुशवाहा समाज, डा दुर्योधन सिंह अध्यक्ष कुर्मी क्षत्रिय, बिक्रम सिंह बिसेन, राम कलेश साकेत अध्यक्ष आजक्स, विजय वर्मा भीम आर्मी, कोल जनजातीय अध्यक्ष सुरेंद्र रावत, सचिव राकेश रावत, मुकेश कोल आदि उपस्थित रहे.

अकौना ग्राम पंचायत में पीएम आवास योजना में अनियमितता, कार्रवाई की सिफारिश

नवभारत न्यूज

सतना, 7 फरवरी. रामपुर बघेलान क्षेत्र के अकौना ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अपात्र लोगों के नाम जोड़े जाने का मामला सामने आया है।

इस गंभीर अनियमितता को लेकर जनपद पंचायत सीईओ ने जिला पंचायत सीईओ को कार्रवाई हेतु पत्र भेजा है। जांच में तत्कालीन ग्राम सचिव विजय सिंह, सहायक सचिव आरती सिंह एवं पीसीओ पुरुषोत्तम पाठक के नाम सामने आए हैं। आरोप है कि इनके द्वारा योजना के नियमों को दरकिनार कर अपात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने का प्रयास किया गया। इस पूरे प्रकरण की फाइल अब जिला पंचायत सीईओ के पास पहुंच चुकी है, जहां से आगे की कार्रवाई की जाएगी।

चित्रकूट में एकीकृत विकास परियोजना एवं सीवरेज परियोजना के कार्यों का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सतना 07 फरवरी. नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय दुबे द्वारा शनिवार को चित्रकूट में निर्माणाधीन एकीकृत शहरी विकास परियोजना एवं सीवरेज परियोजना के कार्यों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त प्रबंध संचालक दिव्यांक सिंह, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के प्रमुख अभियंता आनंद सिंह, मुख्य अभियंता शैलेंद्र शुक्ला सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं संबंधित एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री संजय दुबे ने आईयूडीपी परियोजना के अंतर्गत संचालित कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए चित्रकूट में सभी निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं की गुणवत्ता एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। सीवरेज परियोजना के संबंध में उन्होंने कार्य को 15 अप्रैल तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिस पर संविदाकार द्वारा कमिशनिंग किए जाने पर सहमति व्यक्त की गई। वहीं एसबीआर (सीक्वेंसिंग बैच रिएक्टर) प्रणाली से संबंधित कार्य को 8 माह की अवधि में पूर्ण करने पर भी संविदाकार द्वारा सहमति दी गई।

छात्राओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान

नवभारत न्यूज

सतना, 7 फरवरी. पीएम श्री महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सतना में भारत सरकार के बजट 2026 पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम सतना के सांसद गणेश सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारीगण एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांसद ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बजट केवल आय-व्यय का विवरण नहीं होता, बल्कि यह देश के विकास और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण दस्तावेज है। उन्होंने शिक्षा, कौशल विकास तथा महिला सशक्तिकरण से जुड़े प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान बजट में शिक्षा और युवाशक्ति को विशेष प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर निरंतर अग्रसर रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञान की अधिष्ठात्री मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ की गई। विद्यालय के प्राचार्य व्ही. पी. शुक्ला ने स्वागत भाषण देते हुए अतिथियों का अभिनंदन किया तथा बजट चर्चा के महत्व पर प्रकाश डाला।

एक नजर में

लायंस लंगर सेवा में खिचड़ी वितरण

सतना। लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स सतना शनिवार को राजेश श्रीवास्तव के पुत्र चिरंजीव शिवांशु के विवाह के शुभ अवसर पर श्रीवास्तव परिवार की ओर से श्री हनुमान जी मंदिर सी एम एच ओ आफिस के सामने धवारी सतना में खिचड़ी एवं लड्डू प्रसाद का वितरण किया गया लगभग 1000 भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया । कार्यक्रम में पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन आलोक त्रिपाठी, ज़ोन चेयरपर्सन धर्मेंद्र सेन, लायन जितेन्द्र गर्ग, राजेश श्रीवास्तव, अशोक त्रिपाठी, मिथलेश पाण्डेय, कमलकांत पाण्डेय, स्वामीदीन शुक्ला, सुकीर्त त्रिपाठी, सूर्य कमल त्रिपाठी, विनय कमल त्रिपाठी , मंदिर के पुजारी पं0जगन्नाथ महराज जी एवं साथी उपस्थित रहे ।

परम पूज्य धारकुंडी महाराज जैसा कोई नहीं होगा : गणेश

सतना। परम पूज्य धारकुंडी महाराज जी के ब्रह्मलीन की खबर से पूरे विंध्य क्षेत्र में शोक की लहर है। सांसद गणेश सिंह ने धारकुंडी महाराज जी के ब्रह्मलीन होने पर ईश्वर से प्रार्थना की है कि उन्हें अपने चरणों में जगह दे, वे एक ऐसे महान संत थे कि एक बार जो भी उनसे मिला सदा के लिए उन्हीं का हो गया, ऐसे भाव यदाकदा देखने को मिलते हैं, हमारे इस क्षेत्र में तो लोगों ने उन्हें भगवान मानकर उनका ज्ञान अर्जित किया।

नाना जी की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आज

सतना। वैश्य महासम्मेलन के संस्थापक, श्रद्धेय नारायण प्रसाद गुप्ता जी (नाना जी) की पुण्यतिथि के पावन अवसर पर दिनांक 8 फ़रवरी 2026, दिन रविवार को प्रात: 10 बजे, जिला अस्पताल, सतना (मध्य प्रदेश) में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई जिला सतना के अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता एवं महामंत्री राम जी गुप्ता ने समस्त पदाधिकारियों, जिला इकाई, युवा इकाई, महिला इकाई के सदस्यों एवं समाज बंधुओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रक्तदान करें.

आध्यात्मिक क्षेत्र की बड़ी क्षति : सुरेंद्र

सतना. जदयू नेता अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने धारकुंडी आश्रम के संस्थापक? परमहंस स्वामी श्री सच्चिदानंद महाराज के ब्रम्हलीन होने पर शोक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश , दुनिया व हम सभी के साथ साथ आध्यात्मिक क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी क्षति है .